कब आएगा मेरा सांवरिया

कब आएगा मेरा सांवरिया ,कब आएगा मेरा सांवरिया
जाने कब आएगा,मुझे अपना बनाएगा,
मेरे आँसु पूँछ कर मुझे गले लगाएगा

थक गए नैन मेरे ,रस्ता निहार के,
प्यासी प्यासी अँखियो में सपने बहार के,
जीवन बन जायेगा जब कान्हा आएगा
आंसू मेरे पूँछ कर.....

तुझसे उम्मीद मुझे तेरा ही सहारा हे,
निर्बल गरीब हु में, कोई ना हमारा हे,
कब तक बहलाएगा,कब तक तरसायेगा
आंसू मेरे पूँछ कर.....

बनो ना कठोर थोड़ी, दया से काम लो,
आकर के कन्हैया मेरे दामन को थाम लो
संजू गुण गायेगा, सेवक बन जायेगा
आंसू मेरे पूँछ कर.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2505/title/kab-ayega-mera-sanwariya-kab-aayega-mera-sanwariya-jane-kab-ayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |